मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

▪ वर्ष : 42 ▪ अंक : 176 ▪ मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024 ▪ 3 रुपए ▪ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# CM शिंदे के ठाणे में BJP भी लगा रही पूरा जोर!

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह करेंगे ठाणे जिले का दौरा




**ठाणे.** विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता की घोषणा अगले कुछ दिनों में होने की संभावना है, लेकिन उससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विभिन्न कार्यक्रमों और पार्टी बैठकों के लिए राज्य के साथ-साथ ठाणे जिले में भी मौजूद रहेंगे. अमित शाह का दौरा 1 अक्टूबर को तय किया गया है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की तारीख तय नहीं है, लेकिन उनके 5 अक्टूबर को होने की उम्मीद है.

### विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन शुरू

कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में राज्य में महागठबंधन को झटका लगा था. विधानसभा चुनाव में इसकी पुनरावृत्ति से बचने के लिए महागठबंधन में शामिल दलों को अलर्ट कर दिया गया है. विपक्ष को मात देने के लिए महागठबंधन में शामिल तीनों दलों शिव सेना, बीजेपी और एनसीपी के नेता संगठनात्मक बैठकें कर रहे हैं. इसके अलावा भूमि पूजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया जा रहा है.


### अमित शाह आज वाशी में

संभावना है कि अगले कुछ दिनों में विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता की घोषणा हो जायेगी. इसके चलते महायुति की ओर से आचार संहिता से पहले विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, भूमिपूजन कार्यक्रम कर माहौल बनाने की तैयारी की जा रही है और साथ ही बीजेपी ने विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया है. यह बैठक 1 अक्टूबर को वाशी में सिडको के प्रदर्शनी केंद्र में अमित शाह की मौजूदगी में होगी. यहां वह कोंकण संभाग के निर्वाचन क्षेत्रों की समीक्षा करेंगे और पदाधिकारियों से बातचीत करेंगे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में नवी मुंबई एयरपोर्ट पर विमान की पहली टेस्ट लैंडिंग और घोड़बंदर इलाके में लाड़की बहिन योजना के कार्यक्रम की योजना बनाई गई है. हालांकि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन उनके 5 अक्टूबर को होने की उम्मीद है. इस मौके पर ऐसा लग रहा है कि बीजेपी ने चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दी है.

### शिवसेना का गढ़ माना जाता है ठाणे...

ठाणे जिला मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गढ़ माना जाता है। इस जिले में 18 विधानसभा क्षेत्र हैं. 2014 के चुनाव में ठाणे जिले में बीजेपी ने 7 सीटें और शिवसेना ने 6 सीटें जीती थीं. 2019 के चुनाव में बीजेपी ने 8 और शिवसेना ने 5 सीटों पर जीत हासिल की थी. इसके चलते पिछले कुछ सालों में ठाणे जिले में बीजेपी की ताकत बढ़ती दिख रही है और इसी के चलते बीजेपी महागठबंधन के सीटों के बंटवारे में जिले की अन्य सीटों पर भी दावेदारी कर रही है. ठाणे लोकसभा सीट पर बीजेपी ने दावा किया था. लेकिन, गठबंधन के सीट बंटवारे में मुख्यमंत्री ने यह सीट जीत ली. इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि लोकसभा की तरह विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी के स्थानीय नेता ठाणे और पालघर जिले की अन्य सीटों पर दावा करेंगे और इसी पृष्ठभूमि में इस बैठक पर सभी का ध्यान गया है.

# आयलानी-कालानी ने बहुत खेला कुर्सी का खेल



## अब नए चेहरे व नए विकल्प के लिए उल्हासनगर तैयार

- सिंधी समाज रहेगा निर्णायक भूमिका में
- राकांपा शरद पवार गुट की टिकट हेतु पहले कालानी-भालेराव में चुनाव
- टिकट के लिए ओमी कालानी अभी कतार में



**उल्हासनगर.** एक प्रसिद्ध खेल है जिसे म्यूजिकल चेयर कहा जाता है इस खेल में कुर्सी पाने के लिए खिलाड़ियों को एक एक करके मौका मिलता है ठीक उसी तरह उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र भी आयलानी व कालानी के बीच म्यूजिकल चेयर के खेल जैसा हो गया है कभी आयलानी तो कभी कालानी इस पर चौकड़ी मारकर बैठ जाते हैं, लेकिन यह खेल दूसरे को खेलने यह दोनों मौका नहीं देते। जनता को गुमराह करके कालानी व आयलानी ने कुर्सी के इस खेल में शहर की जनता को विकास से वर्षों तक वंचित कर दिया है लेकिन अब शहर नए चेहरे व नए विकल्प के साथ तैयार है और अब इन दोनों को चुनावी रेस से बाहर करने की तैयारी मतदाता कर रहे हैं।

### कालानी-भालेराव के बीच टिकट का चुनाव

विधानसभा चुनाव का बिगुल बजना शुरू हो गया है। ऐसे में विधानसभा चुनाव से पूर्व राकांपा शरद पवार गुट में टिकट को लेकर चुनाव होना बाकी है। एक तरफ ओमी कालानी ने गोवा में स्वयं को उम्मीदवार घोषित तो कर लिया लेकिन जितेंद्र आव्हाड ने उनके बयान पर यह कहकर ब्रेक लगा दी कि अभी टिकट फाइनल नहीं है क्योंकि भगवान भालेराव ने भी इसकी मांग की है। वहीं टिकट पाने के लिए राकांपा एसपी प्रमुख शरद पवार से मिलने पप्पू कालानी, ओमी कालानी व पंचम कालानी अगस्त माह में गए हुए थे जहां उन्हें आश्वासन ही मिला और हाल ही में आरपीआय से निकाले गए भगवान भालेराव भी शरद पवार से मिलकर उनसे टिकट की मांग के लिए लगातार संपर्क में हैं। सूत्रों से खबर मिली है कि राकांपा ओमी कालानी के बजाय पंचम कालानी को टिकट देने की सोच रहा है लेकिन इस पर सहमति न होने के कारण कहीं टिकट भगवान भालेराव के पाले में न पड़े। इसलिए राकांपा में विधानसभा चुनाव से पूर्व टिकट के चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार, जयंत पाटील व जितेंद्र आव्हाड गणित बिठाने में बैठे हुए हैं क्योंकि कालानी की हवा में अब वो पहली वाली बात नहीं रही यह वो भी समझ चुके हैं।




### सिंधी समाज को अब मिला तीसरा विकल्प

भाजपा के मौजूदा विधायक और संभावित उम्मीदवार कुमार आयलानी को इस बार शहरवासियों की नाराजगी के साथ अपने ही भाजपाइयों की नाराजगी व बड़े दावेदारों के मैदान में उतरने से उनकी टेंशन बढ़ गया है। हालांकि आयलानी कह रहे हैं कि ओमी कालानी की जमानत जब्त हो जायेगी। लेकिन राष्ट्रवादी कांग्रेस पक्ष अजित पवार समूह के जिला अध्यक्ष भरत (गंगोत्री) राजवानी की दावेदारी से आयलानी ही नहीं कालानी की भी टेंशन बढ़ी हुई है क्योंकि आज तक इन दोनों के बीच कोई तीसरा सिंधी समाज से मजबूत दावेदार नहीं आया है। इसके अलावा उत्तर भारतीय समाज का नेतृत्व करने वाले संजय गुप्ता जिन्होंने भाजपा को छोड़ अब वंचित आघाड़ी में प्रवेश के साथ विधानसभा चुनाव का टिकट भी हाथ कर लिया है। इन दावेदारों में शिवसेना के पूर्व शहर प्रमुख राजेंद्र चौधरी ने भी पार्टी द्वारा टिकट दिए जाने पर चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इन्हीं चेहरों के बीच असली जंग के संकेत मिल रहे हैं। सिंधी समाज हमेशा से ही निर्णायक रहा है इसलिए सबकी निगाहें आयलानी, कालानी और राजवानी पर ही टिकी रहेगी। मनपा चुनाव न होने के कारण विधायक द्वारा शहर की खस्ता हालत करने पर आम जनता में उनकी प्रति भारी नाराजगी है। ऐसे में नए चेहरे नए विकल्प को इस बार मौका देने की चर्चा जोरों पर चल रही है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पूर्व तैयारी के लिए

# वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक संपन्न



**ठाणे.** शहर स्थित कासरवडवली के वालावलकर मैदान में होने वाली मुख्यमंत्री महिला सशक्तीकरण अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 5 अक्टूबर 2024 को उपस्थिति रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी के दौरा को लेकर व्यवस्था करने के लिए आज मनपा मुख्यालय पर बैठक किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 40 हजार नागरिकों की उपस्थिति रहेगी इसलिए आस पास के मनपा में भी 1200 बस का उपयोग नागरिकों को आने जाने के लिए किया गया.

ठाणे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा 5 अक्टूबर को है दौरे के लिए आवश्यक सभी व्यवस्था का नियोजन करने के लिए बैठक हुई. इस बैठक में महापालिका आयुक्त सौरभ राव,जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, महाराष्ट्र मेट्रो रेल महामंडल व्यवस्थापकीय संचालक श्रावण हर्डीकर, एमएमआरडीए अतिरिक्त महानगर आयुक्त अश्विन मुदगल, अतिरिक्त जिलाधिकारी मनिषा जायभाये-धुले, निवासी उपजिलाधिकारी डॉ.संदीप माने, गणेश देशमुख, अतिरिक्त आयुक्त 1 प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा, सार्वजनिक बांधकाम विभाग अधीक्षक अभियंता सिद्धार्थ तांबे, उपनगर अभियंता शुभांगी केसवानी,पुलिस उपायुक्त अमरसिंह जाधव,मनपा उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदेपुरे, उपायुक्त (समाजविकास) अनघा कदम, उपायुक्त (स्वास्थ्य) उमेश बिरारी, यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट, जिला नियोजन अधिकारी वैभव कुलकर्णी, उपजिलाधिकारी विकास गजरे, ठाणे प्रांताधिकारी उर्मिला पाटील, एमएमआरडीए, महामेट्रो आदि विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### 1200 बसों की पार्किंग की व्यवस्था

बरसात को देखते हुए सभामंडप, पार्किंग व्यवस्था किया जाय साथ ही बिजली पानी, इंटरनेट सेवा का भी पर्याय व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी शिनगारे ने बैठक में कहा। यातायात जाम की समस्या को लेकर कुछ समय के लिए सड़कों का आवागमन बाधित करना पड़ेगा इसकी जानकारी नागरिकों को देना पड़ेगा यह बात मनपा आयुक्त सौरभ राव ने कहा। मुख्य सभामंडप, हेलिपॅड, गाड़ी, बस पार्किंग व्यवस्था, बिजली पानी, सीसीटीव्ही नेटवर्क व सड़कों पर आवागमन को लेकर जानकारी यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने बैठक में दी। 1200 बस के पार्किंग की व्यवस्था का नियोजन सार्वजनिक बांधकाम विभाग ने किया है।साथ ही उस जगह को ताबे में लेकर काम चल रहा है यह जानकारी नगर अभियंता प्रशांत सोनाग्रा ने दिया।

# भाजपा नेता संजय गुप्ता का वंचित बहुजन आघाड़ी में प्रवेश




- संजय गुप्ता ने विधायक आयलानी पर लगाया संगीन आरोप - फंड का बड़ा हिस्सा आयलानी लेते हैं

**उल्हासनगर।** उत्तर भारतीय मोर्चा के उल्हासनगर जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता ने भाजपा में चल रहे भ्रष्टाचार से तंग आकर भाजपा को राम-राम कर वंचित बहुजन आघाड़ी में प्रवेश कर लिया है। उल्हासनगर विधानसभा चुनाव के दावेदार संजय गुप्ता ने कहा कि मैं पिछले 12 वर्षों से भाजपा में कार्य किया है लेकिन भाजपा द्वारा शहर विकास कार्यों को अनदेखा कर और इस भ्रष्टाचार से तंग आकर मैंने पार्टी छोड़ी है। भाजपा विधायक कुमार आयलानी पर संजय गुप्ता ने आरोप लगाया है कि शहर विकास हेतु हजारों करोड़ आते हैं लेकिन अगर फंड का बड़ा हिस्सा उन्हें नहीं मिलता तो वो कार्य नहीं करते हैं। इसलिए मैंने वंचित बहुजन आघाड़ी में प्रवेश कर आगामी विधानसभा चुनाव लड़कर शहर की सेवा करना चाहता हूं। शहर को इन भ्रष्टाचारियों से मुक्त करने का संकल्प वंचित बहुजन आघाड़ी ने लिया है।

इस भव्य प्रवेश कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। वंचित बहुजन आघाड़ी की प्रदेशाध्यक्ष रेखाताई ठाकुर की उपस्थित में उनका जाहिर प्रवेश हुआ।

# CCTV की निगरानी में अक्षय शिंदे का दफनस्थल

- प्रशासन ने सुरक्षा कड़ी रखी
- रविवार को श्मशान में हुआ हंगामा
- राजकीय पक्ष व नागरिकों ने आक्रोश जताया



**उल्हासनगर.** एनकाउंटर में मारे गए यौन शौषण के आरोपी अक्षय शिंदे का अंतिम संस्कार कल उल्हासनगर के शांतिनगर श्मशान में हुआ। इस श्मशान घाट में प्रशासन की ओर से दफन स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, कल बड़ी संख्या में स्थानीय राजनीतिक नेताओं और नागरिकों ने अक्षय के यहां दफनाए जाने का विरोध किया, इस विरोध को देखते हुए कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए कब्रिस्तान पर सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है और पुलिस बंदोबस्त भी तैनात हैं।

# अंबरनाथ आईटीआई को मिलेगा नया नाम : मंत्री मंगलप्रभात लोढा

- अंबरनाथ में आईटीआई निदेशकों का सम्मेलन संपन्न

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ आईटीआई को क्रांतिकारक, समाजसुधारक का नाम मिलने की संभावना है. राज्य के कौशल्य, रोजगार उद्योग विभाग के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने अंबरनाथ के महात्मा गांधी विद्यालय में आयोजित राज्य के कोंकण विभागीय आईटीआई निदेशकों के सम्मेलन में कहा. उस समय विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, शिक्षक विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे और कोंकण विभाग से आए हुए आईटीआई के सैकड़ों निदेशक उपस्थित थे.

महाराष्ट्र राज्य आईटीआई निदेशक संघटन कोंकण विभाग का सम्मेलन रविवार को अंबरनाथ में आयोजित किया गया था. मंत्री ने उपस्थित सैकड़ों निदेशकों की समस्याओं को हल करने के लिए 3 अक्टूबर को बैठक आयोजित करने की गवाही दी. उन्होने ये भी कहा कि राज्य के आईटीआई संस्था को देश के क्रांतिकारी समाज सुधारक का नाम दिया जाएगा. शिक्षक विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे ने निदेशकों की मांगों के बारे में जानकारी लेकर मंत्री लोढा के समक्ष रखा. इसमें खास मांग ये रही कि निदेशकों को द्वितीय श्रेणी अधिकारी पद तक पहुंचने का मौका मिलना चाहिए.




इस बाबत में अधिसूचना निकाली गई है. फिर भी उस पर अमल नहीं हो रहा है. इस बाबत निर्णय लेने के लिए विनती की गई. शिक्षक विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे ने निदेशकों को ई लर्निंग संच मुफ्त में वितरित किए. राज्य के सभी निदेशकों को ये संच मुफ्त में दिए जा रहे हैं. ऐसा म्हात्रे ने जानकारी दी. सम्मेलन में आईटीआई संघटना के अध्यक्ष भोजराज काले, उपाध्यक्ष विनोद पाटिल, संचालक सतीश सूर्यवंशी, प्राचार्या महेश जाधव, अध्यक्ष महादेव माली आदि उपस्थित थे.

# सेंट्रल अस्पताल में दवाइयों का टोटा

- लाखों रुपये के दवा बिल बकाया
- सप्लायर ने बंद की दवाओं की आपूर्ति
- मरीजों का बुरा हाल




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल पर लाखों रुपये का दवा बिल बकाया है. सरकार द्वारा सब्सिडी नहीं दिये जाने के कारण सेंट्रल अस्पताल प्रशासन सप्लायर को बकाया बिल का भुगतान करने में असमर्थ है. इसलिए सप्लायर ने पिछले चार महीने से दवाओं की सप्लाई बंद कर दी है. अस्पताल में दवा नहीं रहने से गरीब व आदिवासी मरीजों को काफी परेशानी हो रही है.

राज्य सरकार ने 15 अगस्त, 2023 को मुफ्त इलाज योजना शुरू की। उल्हासनगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में भी इस योजना की शुरुआत की गई. हर माह करीब 2000 ओपीडी मरीज आते हैं। इसके अलावा सेंट्रल अस्पताल में 201 बिस्तरों वाला अस्पताल है. मरीजों का इलाज निःशुल्क किया जाता है। इस अस्पताल में उल्हासनगर के अलावा आसपास के अंबरनाथ, बदलापुर, मुरबाद शाहपुर तालुका के ग्रामीण इलाकों से भी गरीब और आदिवासी मरीज इलाज के लिए आते हैं।

> 25 सितंबर 2024 को ठाणे के जिला सर्जन को लिखित जानकारी दे दी गई है. पहले केस पेपर और इलाज के लिए दस रुपये लिये जाते थे. इससे कुछ कमाई हो रही थी. हालाँकि, जब से सरकार ने इसे भी बंद कर दिया, राजस्व का कोई साधन नहीं बचा।
>
> – **डॉ. मनोहर बंसोडे,** अधीक्षक, सेंट्रल हास्पिटल

### न सब्सिडी, न दवा

औषधियां, प्रयोग शाला रसायन एवं अन्य सामग्री की लागत 35 लाख 16 हजार 828 रुपये है जिसमें से 3 लाख 6 हजार 560 रुपये प्रयोगशाला सामग्री की लागत है। हालांकि, पिछले चार महीने से सरकार द्वारा सब्सिडी नहीं दिए जाने के कारण दवाओं की आपूर्ति रोक दी गई है. मुफ्त दवा बंद होने से मरीजों को अपने खर्च पर दवा लेनी पड़ रही है. इसमें गरीब, आदिवासी मरीजों व उनके परिजनों को परेशानी हो रही है.

# उल्हासनगर के आश्रय गृह से 4 नाबालिग लड़कियां लापता

**उल्हासनगर.** स्थानीय कैम्प क्रमांक 5, हिल लाइन पुलिस के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक सरकारी बालिका आश्रय गृह में रहने वाली लड़कियों में से 4 नाबालिग लड़कियां कथित तौर से भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है. इस घटना से हड़कंप मच गया है. हिल लाइन पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 13 से 17 वर्ष की आयु की ये लड़कियां उल्हासनगर, उत्तर प्रदेश, बांग्लादेश और मुंबई के मानखुर्द की रहने वाली थी. जानकारी के अनुसार वे शुक्रवार देर रात साढ़े तीन बजे के आसपास, उक्त आश्रय गृह से भाग गईं है.आश्रय स्थल से जुड़े स्टाफ ने कल्याण, अंबरनाथ और उल्हासनगर रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न स्थानों पर उन नाबालिग लड़कियों की तलाश की. पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) (अपहरण) के तहत मामला दर्ज किया गया. उन्होंने कहा कि नाबालिगों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं.

# क्राइम ब्रांच ने 3 शातिर चोरों को उल्हासनगर से किया गिरफ्तार

- अंबरनाथ इलाके में करते थे चोरी
- तीनों चोर उल्हासनगर से गिरफ्तार
- साढ़े पांच लाख का माल किया जब्त



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ इलाके में बढ़ती चोरी की वारदातों को देखते हुए उल्हासनगर क्राइम ब्रांच की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. इस ऑपरेशन से चोरी के अपराध में शामिल तीन शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिससे क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिली है। अंबरनाथ पुलिस स्टेशन सीमा में चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए उल्हासनगर अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने इन अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष दस्ते का गठन किया। क्राइम ब्रांच के पुलिस कांस्टेबल योगेश बाप को गुप्त जानकारी मिली कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी उल्हासनगर इलाके में छिपे हुए हैं। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली की टीम पुलिस उपनिरीक्षक सचिन कुंभार, शाम रसाल और पुलिस कांस्टेबल योगेश वाघ, चंद्रकांत सावंत, चंद्रकांत पाटिल, सतीश सपकाले, गणेश गावड़े, ज्ञानेश्वर महाजन, विक्रम जाधव, राजेंद्र थोरवे, राजेंद्र थोरवे, संजय शेरमाले, नवनाथ खटारे, प्रसाद, टोनलीकर, मिलिंद मोरे, अर्जुन मुत्नलगिरी, उज्वला मार्चडे, कुसुम शिंदे, मनोरमा सावले ने तुरंत तलाशी अभियान चलाया और तकनीकी विश्लेषण के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के ठिकानों पर छापा मारा और आरोपी शकील खान, समीर हाशमी और इसरार अली खान उर्फ आरिफ को उल्हासनगर इलाके से गिरफ्तार किया गया. क्राइम ब्रांच की टीम ने इन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके पास से करीब साढ़े पांच लाख रुपये का कीमती सामान बरामद किया है.

# भिवंडी में डांस बार पर पुलिस का छापा

**8 लोगों पर केस दर्ज**

**भिवंडी.** भिवंडी में देर रात तक चल रहे एक डांस बार पर पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई कर 2 बार बॉय समेत 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.किंग्स ऑर्केस्ट्रा बार एंड रेस्टोरेंट तालुका के राजनोली नाका इलाके में स्थित पुलिस ने रात किंग आर्केस्ट्रा बार एंड रेस्टोरेंट पर करीब 11.45 बजे छापेमारी कर 2 बार बालाएं बार मैनेजर और वेटर की मिलीभगत से पारदर्शी और अर्धनग्न कपड़े पहनकर ग्राहकों को आकर्षित करने हेतु सामने डांस करती हुई पाई गईं.कोनगांव पुलिस स्टेशन की पुलिस द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, बार मैनेजर साजन बलदेव ठाकुर, बारबाला रेशमा लालू राठौड़, शीतल संतोष शर्मा, वेटर विनय मुनारी पासवान, उमेश पुनीष यादव, ग्राहक उदयनच गंधर्व साहू, मोहम्मद शरीफ मेहदी हसन मंसूरी, दीपक विष्णुकांत दुबे सहित आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## मुइज्जू ने भारत को लेकर बदला रुख

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने जिस तरह अब भारत के प्रति अपना नरम रुख जाहिर किया है, वह दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों और अन्य हितों के लिहाज से बेहतर है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने प्रिंसटन विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे। यह भारत को बाहर करना नहीं था। उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई का भी हवाला दिया। उनका यह भी कहना था कि दरअसल, मालदीव के लोगों को विदेशी सेना की उपस्थिति से गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

इस मसले पर मालदीव में लोगों की राय के अपने आधार हो सकते हैं, लेकिन क्या यह मुद्दा भारत के खिलाफ धारणा बनाने और जनता को अपने पक्ष में लाने का जरिया बनाने का वाजिब कारण हो सकता है? ज्यादा वक्त नहीं बीता है, जब पिछले वर्ष मालदीव में हुए चुनाव में मुइज्जू ने अपने पक्ष में जनसमर्थन जुटाने के लिए 'इंडिया आउट' यानी 'भारत बाहर जाओ' का नारा दिया था और जीत भी हासिल की थी। यही नहीं, राष्ट्रपति बनते ही मुइज्जू ने सबसे पहले भारत सरकार से मालदीव में मौजूद अपने सैनिकों को हटाने के लिए भी कहा था।

चूंकि उन्हें चीन के प्रति झुकाव रखने वाला माना जाता रहा है, इसलिए उनका भारत के प्रति ऐसा आग्रह रखने को एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया के तौर पर देखा गया। मगर भू-राजनीति के इस दौर में वैश्विक कूटनीति में कब कैसा समीकरण तैयार हो जाए, शक्तियों का केंद्र बदल जाए, कहा नहीं सकता। ऐसे में मुइज्जू ने अगर भारत के प्रति अपने पुराने रुख पर टिके रहने के बजाय अपने तेवर में नरमी लाने की कोशिश की है, तो इसका संदेश समझा जा सकता है।

मुइज्जू जल्दी ही भारत का आधिकारिक दौरा कर सकते हैं। यों भी, पर्यटन या आर्थिक हितों के लिहाज से भारत और मालदीव के बीच संतुलित संबंध रहे हैं। संभव है कि मुइज्जू के नए रुख को उनके पुराने विचारों के आईने में रख कर देखा जाए, लेकिन उनमें आया बदलाव भारत और मालदीव, दोनों के लिए ही अच्छा है।

# संभावना से भरी पहाड़ी सड़कों पर आपदाओं की आशंका

किसी भी देश-समाज में सड़कें विकास की निशानी होती हैं, मगर हमारे देश में पहाड़ की सड़कों को, कम से कम स्थानीय लोगों के परिप्रेक्ष्य में, आपदाओं की उत्प्रेरक के रूप में भी देखा जाता है। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के कई जिलों और उत्तराखंड के चमोली, टिहरी, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, बागेश्वर के अनेक गांवों में गिरते शिलाखंडों, धंसती जमीनों और मलबों से लोग भयभीत हैं। इन जिलों के सौ से भी अधिक भयभीत गांवों के लोग अन्यत्र पुनर्वासित होने पर विचार करने लगे हैं। अपने कष्ट का कारण ये लोग गांव के ऊपर या नीचे से जाने वाली सड़कों को मानते हैं, विडंबना यह है कि वे इन सड़कों के करीब रहने के लोभ से बच भी नहीं पाते।

निस्संदेह, सड़कें बेहतर भविष्य की आस जगाती हैं और उनके बनने के बाद आस-पास की जमीनों के भाव भी बढ़ जाते हैं। मगर पहाड़ों में सड़कें जब चौड़ी की जाने लगती हैं, तो इसके लिए चट्टानों को ज्यादा गहराई तक काटना पड़ता है। विस्फोट से पहाड़ों के हिस्से उड़ाने पड़ते हैं। ऐसे में, सड़क संबंधी आपदाएं भी ज्यादा गहराने और पसरने लगती हैं। आप खुद देख सकते हैं कि जगह-जगह ऐसे बोर्ड लगे हैं, जिन पर लिखा है, सड़क के इन हिस्सों में रुकना खतरनाक है। ऐसी कई घटनाएं घट चुकी हैं, जब खडे. वाहनों या सड़क पर चलते लोगों के ऊपर पहाड़ से मलबा-पत्थर आ गिरा और लोग मारे गए।

पहाड़ों में तीर्थयात्रियों व पर्यटकों के फंसने के क्रम में ही प्रायः सड़कें खबर बनती हैं। उन सड़कों के कारण आने वाली आपदाओं पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। विडंबना यह है कि सड़कों को जल्द से जल्द खोलने के जो उपाय किए जाते हैं, उनसे भी कई बार समस्याएं बढ़ जाती हैं। बड़ी-बड़ी मशीनों का इस्तेमाल कर गहराई तक पहाड़ों को काटकर रास्तों को तत्काल साफ तो कर दिया जाता है, लेकिन इससे जो स्थिर ढालें अस्थिर हो जाती हैं, उनको स्थिर करने की आवश्यकता पर काम नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में भारी बोल्डर्स लुढ़कते रहते हैं। सड़कों के समीप बसे अधिकांश ग्रामीणों का यही कहना है कि सड़कों पर रोक दीवार अवश्य बनाई जानी चाहिए।



आखिर पहाड़ों में सड़क बनाने का उद्देश्य क्या है? वे यहां के निवासियों की जरूरतें पूरी कर रही हैं या फिर बढ़ा रही हैं? पहाड़ों में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं व चिंतकों को एक सवाल दशकों से बेचैन किए हुए है कि ऐसा क्यों होता है कि पहाड़ों में अंतराल तक तो छोटे-बडे. मालवाहक वाहन भर-भरकर पहुंचते हैं, परंतु वहां से लौटते हुए अधिकांश खाली ही होते हैं? यह इस बात का भी संकेत है कि पहाड़ प्रमुखतः खरीदार है, विक्रेता नहीं। यह किसी भी क्षेत्र की अनुकूल आर्थिक दिशा नहीं हो सकती। पहाड़ों के संदर्भ में एक विडंबना यह भी है कि जरूरी नहीं, मोटर सड़कों से दूरियां कम हो गई हों। ऐसे अनेक उदाहरण आपको यहां मिल जाएंगे, जहां दो गांवों के बीच की पैदल दूरी आधा किलोमीटर है, किंतु मोटर सड़कों से सात किलोमीटर हो गई है। अब इन्हीं सड़कों के अवरोधित होने पर उन दूरियों को पैदल तय करने के बजाय घंटों सड़क खुलने का इंतजार करते लोग मिल जाएंगे।

सड़कों पर अति-विश्वास के कारण पहाड़ी किसानों व बागवानी करने वालों को कई बार भारी नुकसान उठाना पड़ जाता है। ऐसी खबरों से स्थानीय अखबार भरे रहते हैं कि जब फल या खेती की अन्य नगदी फसलें तैयार हैं और उनको बेचने का समय है, तब ऐन उसी समय मोटर सड़कें कई-कई दिनों तक अवरुद्ध रहीं। प्रख्यात गांधीवादी व पर्यावरण कार्यकर्ता चण्डी प्रसाद भट्ट चमोली जिले में सड़कों के निर्माण के बाद भूस्खलन में बढ़ोतरी की बात तस्वीरों और आंकड़ों के जरिये बताते रहे हैं। उनका कहना है कि सड़कें कहां और कैसे बनाई जानी चाहिए, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

भू-वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ी सड़कें आधा कटान-आधा भरान की पद्धति से बननी चाहिए और नदी-नालों व खेतों में उनका मलबा बेतरतीब ढहा देने की जगह उसका रचनात्मक उपयोग होना चाहिए, ताकि वे यहां के निवासियों के लिए मुसीबत न बनें।





आइए हम अपने दिलों में शांति का दीया जलायें और उसका प्रकाश दूसरों तक भी फैलायें।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज


स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# हमास और हिजबुल्ला के प्रमुखों का सफाया

इजराइल अब हमास और हिजबुल्ला के खिलाफ आरपार की लड़ाई में जुट गया है। हमास के प्रमुख को उसने कुछ दिनों पहले मार गिराया था। अब उसके हवाई हमले में हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। शुक्रवार को इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में निशाने बना कर हिजबुल्ला के ठिकारों पर हमले किए। उसमें हिजबुल्ला के मुख्यालय पर बंकरभेदी बम गिराए गए, जिसमें नसरल्लाह मारा गया। इसे इजराइल की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। अब भी इजराल हिजबुल्ला को पूरी तरह खत्म करने पर अड़ा हुआ है।

पिछले हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन आदि इजराइल के समर्थक पश्चिमी देशों ने कोशिश की थी कि इक्कीस दिनों के लिए इजराइल हमले रोक दे। मगर राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने उस प्रस्ताव को सीधे-सीधे ठुकरा दिया और कहा कि जब तक वह हिजबुल्ला को खत्म नहीं कर लेगा, तब तक हमले बंद नहीं करेगा। वह संकल्प उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के मंच से भी दोहरा दिया। नसरल्लाह के मारे जाने के बाद माना जा रहा है कि मध्यपूर्व में स्थितियां गंभीर हो सकती हैं। ईरान ने आपातकालीन बैठक बुला ली। अगर वह सीधे इस संघर्ष में कूदता है, तो सचमुच युद्ध खतरनाक रूप ले सकता है।



अभी तक ईरान इस संघर्ष में नरम रुख अख्तियार किए हुए था, पर अब उस पर दबाव बढ़ेगा। हालांकि अप्रैल में इजराइल ने ईरान पर भी हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर गोले दागे थे। पर, उसके बाद वह संघर्ष आगे नहीं बढ़ पाया था। ईरान के इस संघर्ष में कूदने से बाकी अरब देशों पर भी अपनी स्थिति स्पष्ट करने का दबाव बनेगा। पेजर और रेडियो बम धमाके करके इजराइल ने पहले ही हिजबुल्ला के सैकड़ों लड़ाकों को मार और अशक्त बना कर उसकी कमर तोड़ दी थी। अब उसके प्रमुख नसरल्लाह के मारे जाने के बाद कई लोगों का मानना है कि हिजबुल्ला खत्म हो जाएगा।

इजराइल ने भी दावा किया है कि हिजबुल्ला के हर लड़ाके पर उसकी नजर है। मगर सच्चाई यह है कि हिजबुल्ला इस हमले से कुछ हतोत्साहित जरूर हुआ है, उसकी ताकत शायद कम नहीं हुई है। अब भी उसके पास लाखों घातक हथियार जमा हैं, जिनका इस्तेमाल वह इजराइल के खिलाफ कर सकता है। इसलिए इजराइल का ज्यादा ध्यान हिजबुल्ला के हथियारों का जखीरा नष्ट करने पर है। हालांकि युद्ध में जीत का सेहरा चाहे जिसके सिर बंधे, नुकसान दोनों पक्षों के आम लोगों को झेलना पड़ता है।

मगर पिछले कुछ वर्षों से यह स्पष्ट है कि युद्ध की स्थितियों को टालने में जैसी भूमिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की होनी चाहिए, वह बिल्कुल नहीं दिखी है। उधर रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी है, इधर इजराइल-हमास और हिजबुल्ला का संघर्ष तेज होता जा रहा है। कोरोनाकाल के बाद से पूरी दुनिया आर्थिक संकटों का सामना कर रही है। आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित हैं।

ऐसे में कुछ देशों की नाहक जिद और सनक की वजह से स्थितियां और चुनौतीपूर्ण हो रही हैं। मगर अमेरिका, ब्रिटेन आदि सुरक्षा परिषद में दबदबा रखने वाले देश अपने निजी स्वार्थों और आर्थिक समीकरणों के तहत चुप्पी साधे हुए हैं। पहले गाजा पट्टी में इजराइल ने हजारों बेकसूर लोगों को मार डाला, लाखों घर ध्वस्त कर दिए, अब वही काम लेबनान में कर रहा है। वहां के आम लोगों की जिंदगी सांसत में है। आखिर उसे मानवता का तकाजा कौन याद दिलाएगा।

# यहां अनजान मर्दों से संबंध बनाती हैं महिलाएं

दुनिया 21वीं सदी में प्रवेश कर चुकी है और विज्ञान दिनों-दिन मानव विकास से जुड़ी नई परिभाषा को लिख रहा है. आए दिन साइंटिस्ट नई-नई खोजें करते हैं, जिससे हमारी लाइफ और बेहतर बनती जा रही है. लेकिन इस धरती पर आज भी कुछ ऐसी जनजातियां मौजूद हैं, जो इन विकास से जुड़ी खोजों से काफी दूर हैं. ये आज भी अपनी पुरानी परंपराओं और रीति-रिवाजों का पालन करते हैं. ऐसी ही एक जनजाति नामिबिया में रहती है, जिसके बारे में जानने के बाद आपको भी हैरानी होगी. इस कबीले के लोग आज भी अपने पूर्वजों के बनाए ज्यादातर

**जरा हट के**

नियमों का पालन करते हैं, जिसमें कुछ इतनी अजीब परंपराएं हैं कि जिनके बारे में जानकर चौंक जाएंगे. इस ट्राइब का नाम हिम्बा जनजाति है. इस जनजाति की महिलाएं अनजान मर्दों के साथ संबंध बनाती हैं. इसकी परमिशन बकायदा उनके पति ही देते हैं.



नामीबिया के रेगिस्तानी इलाकों में रहने वाले हिम्बा ट्राइब के लोग अपने अनोखे वैवाहिक और नैतिक नियमों के साथ पश्चिमी देशों के मानदंडों या वैश्विक परंपराओं से बिलकुल अलग हैं. हाल ही में दिखाई गई अफ्रीकन हिस्ट्री टीवी की डॉक्यूमेंट्री से पता चलता है, "हिम्बा जनजाति के लोगों के लिए अपनी पत्नियों को आगंतुकों को संबंध बनाने के लिए देना आतिथ्य का सर्वोच्च रूप माना जाता है. इसे मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत करने का तरीका माना जाता है. साथ ही यौन ईर्ष्या से बचा जा सकता है, जो अक्सर रूढ़िवादी विवाहों में व्याप्त होती है." बता दें कि हिम्बा ट्राइब्स की महिलाएं बहुत ज्यादा मेहनती होती हैं. ये ट्राइब्स के मर्दों से भी ज्यादा काम करती हैं, जिसमें जानवरों से लेकर घरों की देखभाल करने तथा खाना पकाने, सफाई करने और बच्चों की देखभाल जैसे घरेलू काम शामिल हैं.

हिम्बा लोगों की लाइफस्टाइल नामीबियाई समाज से काफी हद तक अलग-थलग है. एक अनुमान के मुताबिक यहां पर 50,000 हिम्बा ट्राइब के लोग रहते हैं, जो अपने पारंपरिक अस्तित्व को जिंदा बचाए रखे हैं. इतना ही नहीं, हिम्बा जनजाति में पुरुषों के लिए एक से अधिक पत्नियां रखना आम बात है.

# फैटी लिवर के खतरे को कम कर सकते हैं ये घरेलू उपचार

- **कुछ ही दिनों में महसूस होगा फर्क**

फैटी लिवर को हेप्टिक स्टेटोसिस के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें लिवर में अत्यधिक फैट जमा होने लगता है। जिससे शरीर के लिए जरूरी पित्त रस एवं इंसुलिन का उत्पादन धीमा होने लगता है। नतीजतन, लिवर को अपने काम करने में मुश्किल होने लगती है। फैटी लिवर की समस्या को दूर करने के लिए दवा के साथ कुछ घरेलू उपचार की भी मदद ली जा सकती है। आइए जानते है ऐसे ही कुछ असरदार घरेलू नुस्खे, जो आपको फैटी लिवर की समस्या से निजात दिला सकते हैं।


## घरेलू नुस्खे

### गोल्डन मिल्क

हल्दी का उपाय आजमाकर फैटी लिवर के खतरे को कम किया जा सकता है। दरअसल, हल्दी में मौजूद करक्यूमिन एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी यौगिक होता है। जो लिवर को डिटॉक्स करने में मदद कर सकता है। इस उपाय को करने के लिए सोने से पहले एक कप गर्म हल्दी वाला दूध पिएं। गोल्डन मिल्क पीने से लीवर की सेहत अच्छी बनाए रखने के साथ लिवर में जमी फैट को भी कम करने में मदद मिलती है। हल्दी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट लीवर के कार्य को बढ़ाकर पित्त के उत्पादन को उत्तेजित करते हैं।

### आंवला

आंवले में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट प्रचूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो लीवर साफ रखने के साथ वसा के चयापचय को सुविधाजनक बनाते हैं। इस उपाय को करने के लिए रोजाना सुबह खाली पेट 1 से 2 ताजे आंवले या एक चम्मच आंवले का पाउडर पानी में मिलाकर लेने से लीवर की कार्यक्षमता बढ़ सकती है और लीवर में जमा फैट भी कम हो सकता है।



### अदरक की चाय

अदरक में सूजन-रोधी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो लिवर के स्वास्थ्य में सुधार करने के साथ फैट डाइजेशन यानी वसा के पाचन में भी सहायता करते हैं। इस उपाय को करने के लिए रोजाना सुबह या भोजन के बाद एक कप अदरक की चाय पीने से वसा चयापचय में वृद्धि हो सकती है। जिससे लीवर में जमा फैट को भी कम करने में मदद मिल सकती है। अदरक पित्त उत्पादन को भी उत्तेजित करके पाचन में सुधार करता है।

# टेस्टी मूंग सैंडविच




बच्चों को हर दिन टिफिन में क्या दें जो टेस्टी होने के साथ ही हेल्दी और प्रोटीन से भरपूर हो। हर मां की यहीं चिंता होती है तो अपने स्कूल जाते बच्चे के टिफिन में बनाकर दें हरी मूंग दाल से बने टेस्टी सैंडविच।

**सामग्री :**

- एक कप हरी मूंग की दाल
- ब्रेड
- दो चम्मच बेसन
- नमक स्वादानुसार
- जीरा
- हींग
- हल्दी पाउडर
- पिज्जा सिजनिंग
- मेयोनीज
- चीज
- टोमैटो सॉस
- देसी घी

**रेसिपी :**

सबसे पहले एक कप मूंग को रातभर पानी में भिगोकर छोड़ दें। अगली सुबह मूंग की दाल को धोकर अच्छी तरीके से बिना पानी के पीस लें।



अब इस पिसी मूंग की दाल में नमक, एक से डेढ़ चम्मच बेसन मिलाएं। साथ में जीरा, हींग डालें। साथ में पानी डालकर गाढ़ा घोल तैयार कर लें। अब नॉनस्टिक पैन को गैस पर गर्म करें, थोड़ा सा घी लगाएं और उस पर मूंग के तैयार पेस्ट को पैनकेक की तरह फैला दें। तवे पर फैलाने के बाद इसे करछूल की मदद से साइड से दबा दें जिससे चौकोर शेप लें और ब्रेड के साथ रखने में अच्छा लगे। दोनों तरफ से इसे सेंक लें और साथ में ब्रेड को भी तवे पर सेंक लें। अब ब्रेड पर टोमैटो सॉस लाएं। साथ में चीज ग्रेट करके डालें और ऊपर से पिज्जा सिंजनिंग छिड़क दें। तवे पर रखने से चीज हल्का सा मेल्ट होने लगेगी और इस पर तैयार मूंग का पैनकेक रख दें।

अगर मूंग का पैनेकक ब्रेड के साइज से बड़ा है तो साइड में कट कर दें और ब्रेड के जितना शेप दें। जिससे सैंडविच दिखने में अच्छा लगे। बस तैयार है टेस्टी और हेल्दी मूंग ब्रेड सैंडविच। बच्चे इसे पूरे चाव से खाना पसंद करते हैं।

# फ्रिज में रखने पर भी काला पड़ जाता है गूंथा आटा?

- **जान लें स्टोर करने का सही तरीका**
- **24 घंटे बाद भी रहेगा फ्रेश**

हम अक्सर आटा गूंथकर फ्रिज में स्टोर करते हैं ताकि समय की बचत हो और हर बार रोटियां बनाने के लिए आटा न गूंथना पड़े. लेकिन, कई लोग जब इसे फ्रिज में स्टोर करते हैं तो आटा काला और बदबूदार हो जाता है. इस समस्या से बचने के लिए कुछ बातों को ध्यान में रखना बहुत जरूरी है. अगर आप आटे को लंबे समय तक ताजा रखना चाहते हैं और घंटों बाद इसकी रोटियां बेलने वाले हैं, तो इसे फ्रिज में स्टोर करने से पहले कुछ महत्वपूर्ण बातें ध्यान में रखें. इस तरीके से आप आटे को काला पड़ने से बचा सकते हैं और आपका आटा एक से दो दिनों तक ताजा रहेगा.

## आटा स्टोर करने का सही तरीका-

आटे को ताजा रखने के लिए कुछ खास बातों को ध्यान में रखें. सबसे पहले, आटा गूंथने के बाद उसे एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें. इससे आटा फ्रिज की हवा और नमी के संपर्क में नहीं आएगा. उसका रंग भी नहीं बदलेगा.



आप आटा को प्लास्टिक रैप में लपेटकर रख सकते हैं इसके लिए आप या तो जिप लॉक का इस्तेमाल कर सकते हैं या सामान्य पॉलीथीन में इसे इस तरह रखें कि यह पूरी तरह से ढंका रहे.

आप आटे में एक चम्मच तेल या घी मिलाकर गूंथें. या रखते समय बाहरी सतह पर तेल या घी लगा दें. ऐसा करने से यह ऑक्सीडाइज नहीं हो पता और लंबे समय तक फ्रेश रह पाता है और तेल की परत आटे को सूखने से बचाती है.

यह भी ध्यान रखें कि आटे को स्टोर करते समय फ्रिज का तापमान सही हो. 2 से 4 डिग्री सेल्सियस का तापमान आटा स्टोर करने के लिए सही होता है. अगर तापमान अधिक हो तो आटा जल्दी खराब हो सकता है.

गूंथे हुए आटे को अगर सही तरीके से स्टोर करें तो आप 24 घंटे या उससे अधिक समय तक इसे ताजा रख सकते हैं. इस तरह आप समय भी बचा सकेंगे और रोटियां भी बेहतरीन बनेंगी.

# कहीं आप नकली सरसों के तेल में तो नहीं बना रहे खाना?

- **6 तरीके से करें पल में शुद्ध-अशुद्ध की पहचान**

हम सभी प्रतिदिन खाना बनाने के लिए कई तरह के तेल का इस्तेमाल करते हैं. कुछ लोग रिफाइंड तेल, कुछ जैतून का तेल तो अधिकतर लोग सरसों का तेल यूज करते हैं. सरसों के तेल में सब्जी, मांस-मछली बनाने से स्वाद जबरदस्त आता है. वर्षों से सरसों का तेल इस्तेमाल किया जा रहा है. हालांकि, आज खाने-पीने की चीजों में इस कदर मिलावट की जाने लगी है कि पता ही नहीं चलता आप क्या हेल्दी और अनहेल्दी खा रहे हैं. घी में धड़ल्ले से मिलावट तो कुछ लोग कर ही रहे हैं, सरसों का तेल भी इससे अछूता नहीं है. अब जो लोग सरसों तेल अधिक यूज करते हैं, उन्हें ये जरूर जान लेना चाहिए कि सरसों तेल असली है या नकली.

## सरसों तेल असली या नकली कैसे पहचानें

1 यदि आप सरसों का तेल इस्तेमाल करते हैं तो इसकी शुद्धता की पहचान करने के लिए तेल के डब्बे को फ्रिज में रख दें. अगर इसमें पाम ऑयल होगा तो वह बोतल के तले में जमकर बैठ जाएगा. सरसों तेल ऊपर ही रहेगा. दरअसल, पाम ऑयल ठंडी जगह पर जम जाता है. सरसों तेल के साथ ऐसा नहीं है.



2 थोड़ा सा सरसों का तेल पैर-हाथ में लगाएं. इसे रगड़ने से हाथों-पैरों में रंग नजर आता है तो समझ लें कि इसमें मिलावट की गई है. शुद्ध सरसों के तेल से रंग या केमिकल जैसा स्मेल नहीं, बल्कि तीखी गंध होगी, जो गर्म करने पर आंखों में लगती है.

3 बैरोमीटर टेस्ट कर सकते हैं. असली होगा तेल तो बैरोमीटर रीडिंग 58 से लेकर 60 तक हो सकता है. इससे अधिक रीडिंग है तो ये तेल नकली है. तेल में हो सकता है कोई दूसरा सस्ता तेल मिक्स हो. बेहतर है कि अच्छी कंपनी, हॉल मार्क लगा तेल ही खरीदें. खुले डिब्बे में भी कुछ दुकानदार तेल बेचते हैं. ये न खरीदें.

4 आप सरसों के तेल में नाइट्रिक एसिड मिक्स करके देखें. रंग में बदलाव होगा तो नकली है वरना तेल शुद्ध और असली है. मिलावटी तेल में नाइट्रिक एसिड डालने पर रंग में बदलाव नजर आ सकता है. एक कटोरी में सरसों का तेल और कुछ बूंद नाइट्रिक एसिड का डालकर ये टेस्ट कर सकते हैं.

5 जब आप कड़ाही में तेल गर्म करें तो गौर करें कि उससे उठने वाले धुएं को गौर से देखें और गंध को महसूस करें. तेज धुआं निकलने और आंखें जलें तो तेल असली हो सकता है. सरसों के तेल की महक तेज एवं तीखी होती है. नकली तेल का गंध बहुत तेज और स्ट्रॉन्ग नहीं होगा. इसमें कोई न कोई मिलावट की गई है.

6 शुद्ध सरसों के तेल का रंग सुनहरा और डार्क पीला, इसमें चमक होता है. नकली तेल का रंग देखने में हल्का होगा.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष :** आज दूरस्थ क्षेत्र की यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा।

**वृषभ :** आज जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें।

**मिथुन :** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कर्क :** आज शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है।

**सिंह :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें।

**कन्या :** आज अचानक अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा।

**तुला :** आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**वृश्चिक :** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। नई आर्थिक नीति बनेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**धनु :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें।

**मकर :** अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है।

**कुंभ :** आज कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है।

**मीन :** आज भूमि-भवन का लाभ प्राप्त होगा। व्यावसायिक दुकान या फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### अब भदोही में पुजारी की गला रेतकर हत्या

**भदोही.** बरेली के बाद अब भदोही में मंदिर के पुजारी की हत्या कर दी गई। हत्यारों ने पुजारी का गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया और मंदिर के कमरे में खून से लथपथ शव को छोड़कर भाग गए। पुलिस के अनुसार सुरयावा थाना क्षेत्र के बावन बीघा तालाब पर बने प्राचीन हनुमान मंदिर में यह घटना हुई, जहां मंदिर परिसर में बने एक कमरे में मंदिर के पुजारी रहते थे। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) तेज वीर सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह जब कुछ लोग मंदिर में पूजा पाठ करने गए तो मंदिर परिसर में पुजारी सीताराम (75) को न पाकर उनके कमरे में जाकर देखा तो उनकी लाश पड़ी थी।

### 20 साल बाद भतीजा पैदा होने की खुशी में युवक ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**महराजगंज.** यूपी के महराजगंज से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां पनियरा थाना क्षेत्र के मुड़िला बाजार में हर्ष फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। यह घटना शनिवार की बताई जा रही है,जब युवक मनीष कुमार ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से दो राउंड हर्ष फायरिंग की। बताया जा रहा है कि मनीष के घर शुक्रवार की रात एक पुत्र का जन्म हुआ था, जिसकी खुशी में उसने यह फायरिंग की। किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

### महिला को वृंदावन से अगवा कर राजस्थान में बेचा, कॉल की मदद से पुलिस खोज निकाला

**मेरठ.** मेरठ के खरखौदा क्षेत्र निवासी एक महिला को वृंदावन से अपहरण कर बंधक बनाकर रखा गया और फिर उसे आठ हजार रुपये में राजस्थान के भरतपुर के थाना सदर बयाना इलाके के एक गांव में बेच दिया गया। महिला के हाथ शुक्रवार शाम आरोपी का मोबाइल लग गया और उसने अपने परिजनों को फोन कर दिया। कॉल की मदद से मेरठ पुलिस ने महिला को खोज निकाला और भरतपुर पहुंच गई। खरखौदा के एक गांव निवासी महिला का 21 सितंबर को पति से विवाद हो गया। महिला वृंदावन चली गई। उधर, वृंदावन में एक युवक ने महिला को झांसे में लिया और अपने घर ले जाकर बंधक बना लिया। महिला के कुंडल लूट लिए और 24 को महिला को नशीला पदार्थ देकर राजस्थान ले गया। महिला को भरतपुर जिले के थाना रूदावल स्थित गांव ब्रह्मवाद निवासी कुंवरसिंह उर्फ कृष्णा को बेच दिया। एक दिन अपने पास रखने के बाद महिला को कुंवरपाल ने सदर बयाना थानाक्षेत्र के गांव बमूरी निवासी बदन सिंह को आठ हजार रुपये में बेच दिया।

### नदियां उफान पर, 11 जिलों में बाढ़ के हालात

**लखनऊ.** यूपी में मॉनसून की भले ही धमाकेदार इंट्री नहीं हुई पर विदाई के समय पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश हो रही है। रविवार को भी पूरे प्रदेश खासकर पूर्वी जिलों में जोरदार बारिश हुई। बारिश के कारण राज्य की नदियां उफान पर हैं। नेपाल से छोड़े जा रहे पानी के कारण नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। रविवार को कन्नौज में बारिश के बीच कच्चा मकान ढहने से दो, सुलतानपुर में दीवार गिरने से एक और ऊंचाहार, सोनभद्र, गाजीपुर में आकाशीय बिजली एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई है। 11 जिलों में बाढ़ के हालात हैं।


# नकली नोट देकर खरीद लिया 1.60 करोड़ का सोना

- **नोटों पर गांधी बापू की जगह अनुपम खेर की फोटो**
- **लिखा था -रिसोल बैंक ऑफ इंडिया**

**अहमदाबाद.** गुजरात में नकली नोटों से फ्रॉड का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ये नकली नोट एक सराफा व्यापारी मेहुल ठक्कर के पास से जब्त किए गए हैं। व्यापारी ने बताया कि उन्हें एक करोड़ 30 लाख रुपए की यह कैश रकम एक व्यक्ति ने सोने के 2100 ग्राम बिस्किट खरीदने के एवज में दी थी।

जब मशीन से रुपयों की गिनती की जाने लगी तो इन नोटों के नकली होने का पता चला। नोटों पर महात्मा गांधी की जगह बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर की तस्वीर छपी हुई है। वहीं, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की जगह पर रिसोल बैंक ऑफ इंडिया लिखा हुआ है। पुलिस ने अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच में जुटी है कि इसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन है और इन नोटों की छपाई कहां पर हुई?

शहर के प्रहलाद नगर इलाके के पुष्पकदील बंगलों में रहने वाले व्यापारी मेहुल ठक्कर की माणेक चौक में ज्वेलरी शॉप है। बीते 23 सितंबर को उनके पास एक परिचित ज्वेलरी शॉप के मैनेजर




प्रशांत पटेल का फोन आया कि एक पार्टी 2100 ग्राम सोने के बिस्किट खरीदना चाहती है। इस तरह 1.60 करोड़ रुपए में यह सौदा तय हो गया। पार्टी ने उन्हें फोन पर कहा कि वह अगले दिन सोने की डिलीवरी ले लेगा।

अगले दिन यानी की 24 सितंबर को दोपहर प्रशांत पटेल ने मेहुल ठक्कर को फोन कर कहा कि डिलीवरी लेने वाली पार्टी को अर्जेंट सोने की जरूरत है। उन्हें जल्दी शहर से बाहर जाना है। इसके साथ यह भी कहा कि पार्टी ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर नहीं कर पा रही है। इसलिए वे कैश ही देंगे। सोने की डिलीवरी लेने वाली पार्टी फिलहाल सीजी हाईवे रोड पर कांतिलाल मदनलाल एंड कंपनी में बैठी है। आप सोना वहां भेज दीजिए।

इसके बाद मेहुल ने 2100 ग्राम के सोने के बिस्किट दुकान के कर्मचारी भरत जोशी को देकर उसे पार्टी के पास भेज दिया। भरत जोशी ने बताया कि वहां तीन व्यक्ति बैठे हुए थे। वहां भी वे फर्नीचर की डील कर रहे थे। जब भरत जोशी वहां पहुंचे तो सरदार की भेष में बैठे एक व्यक्ति ने उनसे कहा कि उसी ने सोने के डील की है।

उसने भरत जोशी 1.30 करोड़ रुपए का नोटों से भरा बैग को दे दिया और कहा कि मेरे साथी बाकी के 30 लाख रुपए लेकर आ रहे हैं। इसके बाद दो व्यक्ति 30 लाख रुपए लाने का कहकर निकल गए। अब भरत जोशी ने मशीन से नोट गिनने शुरू ही किए थे कि तीसरा व्यक्ति भी मौके से गायब हो गया। नोट गिनने के दौरान ही नकली नोट होने की जानकारी मिली, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

नोटों की जांच करने पर पता चला कि 500 रुपए के नकली नोटों पर गांधी बापू की तस्वीर की जगह बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर की तस्वीर छपी हुई थी। बैंक में जिस तरह से करंसी की गड्डियां बनाई जाती है। उसी प्रकार इन्हें व्यवस्थित तरीके से अरेंज किया गया था। इन नकली नोटों पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की जगह पर रिसोल बैंक ऑफ इंडिया लिखा हुआ है। इस मामले पर अहमदाबाद पुलिस ने संज्ञान लिया है। पुलिस को संदेह है कि ठगी करने वाला गिरोह राजस्थान का हो सकता है।

# गोवा के मुख्यमंत्री सावंत और स्वास्थ्य मंत्री राणे दिल्ली तलब

- **राज्य भाजपा में खटपट पर सख्त आलाकमान?**

**नई दिल्ली.** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और राज्य सरकार में स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे को भारतीय जनता पार्टी (BJP) आलाकमान ने सोमवार को नई दिल्ली तलब किया। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने यह जानकारी दी है। सूत्रों के मुताबिक, सावंत और राणे को केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने के लिए बुलाया गया है। सावंत से जब उनके दिल्ली दौरे के बारे में पूछा गया तो उन्होंने टिप्पणी से इनकार कर दिया लेकिन पार्टी नेताओं द्वारा




उन्हें तलब किये जाने की अटकलों को नहीं नकारा गया है।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मुलाकात के उद्देश्य का अब तक खुलासा नहीं किया गया है लेकिन यह घटनाक्रम हाल ही में राणे द्वारा दिए गए बयान की पृष्ठभूमि में हुआ है। राणे ने एक जनसभा में कहा था कि प्रदेश में कम से कम 22,000 बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है।

मुख्यमंत्री सावंत ने मंत्री के बयान परकिसी तरह की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था लेकिन उन्होंने यह जरूर कहा था कि सरकार राज्य में युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर मुहैया कराएगी। माना जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने गोवा भाजपा में किसी भी तरह का विवाद या गुटबाजी से उपजे हालात को कंट्रोल करने के लिए हाँ दोनों नेताओं को दिल्ली तलब किया है।

# हिजबुल्लाह चीफ की मौत पर भारत से पाकिस्तान तक प्रदर्शन

- **लखनऊ में आधी रात सड़कों पर 10 हजार लोग उतरे**
- **कराची में पुलिस पर पथराव**

**लखनऊ.** हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के बाद भारत समेत दुनियाभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। लखनऊ में रविवार रात शिया समुदाय के 10 हजार लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने 1 किलोमीटर तक कैंडल मार्च निकाला। प्रदर्शन में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

प्रदर्शनकारियों ने अपने घरों पर काले झंडे लगाए। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पोस्टर जलाए और नारेबाजी की।



मजलिस पढ़कर नसरल्लाह की मौत पर मातम मनाया। शिया समुदाय ने 3 दिन शोक मनाने का ऐलान किया है।

सुल्तानपुर में भी शिया समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। 'हसन नसरल्लाह जिंदाबाद' और 'अमेरिका को आग लगा दो, आग लगा दो' जैसे नारे लगाए। भारत में सुल्तानपुर और लखनऊ के अलावा रायपुर और कश्मीर में भी प्रदर्शन हुए।

# महबूबा बोलीं- हिटलर के बाद नेतन्याहू सबसे बड़े आतंकी

- **नसरल्लाह को शहीद बता चुकीं**
- **विरोध हुआ तो कहा- BJP उनके संघर्ष को नहीं जानती**

**श्रीनगर.** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एडोल्फ हिटलर के बाद सबसे बड़े आतंकवादी हैं, क्योंकि यहूदी नेता ने फिलिस्तीन और लेबनान को गैस चैंबर में बदल दिया है। महबूबा बोलीं- इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने नेतन्याहू के खिलाफ फैसला सुनाया है। लेबनान पर हमले ने साबित कर दिया है वे अपराधी है। फिलिस्तीन के बाद अब लेबनान में भी वह हजारों लोगों की हत्या कर रहा है। इससे पहले महबूबा ने इजराइली एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की हत्या की निंदा की थी। और लेबनान-फिलिस्तीन के समर्थन में एक दिन के लिए अपना चुनाव प्रचार कैंसिल दिया था।



#### बडगाम में नसरल्लाह के समर्थन में रैली निकली

28 सितंबर को X पर अपनी पोस्ट में महबूबा ने कहा कि लेबनान और गाजा के शहीदों, खासतौर से हसन नसरल्लाह के समर्थन में रविवार का चुनावी दौरा रद्द कर रही हूं। उन्होंने कहा कि इस गहरे दुख और विद्रोह की घड़ी में हम फिलिस्तीन और लेबनान के लोगों के साथ खड़े हैं। उधर, नसरल्लाह के समर्थन में जम्मू-कश्मीर के बड़गाम में लोगों ने रैली भी निकाली।

दरअसल, 27 सितंबर की रात साढ़े 9 बजे इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हवाई हमले किए, जिसमें नसरल्लाह की मौत हो गई। इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 80 टन बम से हमला किया था।

#### इजराइल को लेकर कहीं 2 बड़ी बातें...

1 भारत-इजराइल की दोस्ती पर : नेतन्याहू सरकार के साथ संबंध रखने का सरकार का फैसला गलत है। महात्मा गांधी के समय से ही हम फिलिस्तीन के साथ खड़े हैं। ऐसी सरकार के साथ संबंध रखना और उसे हथियार और ड्रोन मुहैया कराना, जिसका इस्तेमाल लोगों की हत्या के लिए किया जा रहा है, मुझे लगता है कि यह गलत फैसला है।

2 नसरल्लाह को शहीद कहने पर: भाजपा मुझे क्या बताएगी? वे (भाजपा) फिलिस्तीन के लोगों के लिए नसरल्लाह के लंबे संघर्ष के बारे में क्या जानते हैं? उन्हें देखना चाहिए कि कश्मीर, लखनऊ और देश के अन्य हिस्सों में कितने लोग निकल रहे हैं और शहीद के लिए नारे लगा रहे हैं। उन्हें यह महसूस करना चाहिए कि उनकी सोच कितनी गलत है।

वन नेशन-वन इलेक्शन

# 3 बिल ला सकती है सरकार 2 संविधान संशोधन होंगे

- **नवंबर-दिसंबर में बिल आएगा**



**नई दिल्ली.** देश में एक साथ चुनाव कराने की अपनी योजना को अमल में लाने के लिए सरकार द्वारा 3 विधेयक लाए जाने की संभावना है, जिनमें दो संविधान संशोधन से संबंधित होंगे।

प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयकों में से एक स्थानीय निकाय चुनावों को लोकसभा और विधानसभाओं के साथ कराए जाने से संबंधित है। इसके लिए कम से कम 50% राज्यों के अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी।

'एक देश, एक चुनाव' योजना के साथ आगे बढ़ते हुए, सरकार ने इस महीने की शुरुआत में देशव्यापी सहमति बनाने की कवायद के बाद चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने की उच्च-स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया।

#### तीन संशोधनों से क्या होगा...

1 **पहला संविधान संशोधन विधेयक-** लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का प्रावधान करने से संबंधित होगा। इसमें विधानसभाओं को भंग करने और 'एक साथ चुनाव' शब्द को शामिल करने के लिए अनुच्छेद 327 में संशोधन करने से संबंधित प्रावधान भी हैं। इस को 50% राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता नहीं होगी।

2 **दूसरा संविधान-** स्थानीय निकायों के चुनावों के लिए राज्य निर्वाचन आयोगों के परामर्श से निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर सूची तैयार करने से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों में संशोधन करने का प्रस्ताव करेगा।

3 **तीसरा संशोधन-** यह बिल केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित तीन कानूनों के प्रावधानों में संशोधन करने वाला एक सामान्य विधेयक होगा।

# पंजाब में सरपंच पद के लिए 2 करोड़ की बोली

### दावा यह कि पैसा गांव के विकास में खर्च करेंगे

**गुरदासपुर.** पंजाब में पंचायत चुनाव के ऐलान के बाद गांवों में हलचल शुरू हो गई है। गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक के गांव हरदोवाल कलां में सरपंच पद के लिए 2 करोड़ की बोली लगाई गई। अभी तक इस पर फैसला नहीं आया है। गांव में आज भी बोली जारी रहेगी। भाजपा नेता आत्मा सिंह के मुताबिक यह बोली और भी ऊंची जाएगी। इस बोली को लेकर सभी गांववालों की सहमति है।

वहीं गांव की युवा सभा का दावा है कि बोली से आने वाला पैसे गांव के विकास पर खर्च किया जाएगा। जबकि पंचायत को दी जाने वाली ग्रांट अलग से होगी।

सूत्रों के मुताबिक अभी तक प्रशासन के पास कोई शिकायत नहीं पहुंची है। गांव में इस तरह की प्रक्रिया पहली बार हो रही है। इस मामले में गुरदासपुर के चुनाव अधिकारी उमा शंकर से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# अंग्रेजी का यह शब्द सुनकर भड़के CJI चंद्रचूड़

- **भरी कोर्ट में बोले- मुझे ऐसे लोगों से एलर्जी है**

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई कर रहे CJI डीवाई चंद्रचूड़ को याचिकाकर्ता का एक शब्द पसंद नहीं आया। सोमवार को उन्होंने यह तक कह दिया कि 'यह कोई कॉफी शॉप नहीं है।' हालांकि, बाद में याचिकाकर्ता ने अपनी भाषा में सुधार किया। खबर है कि इसके बाद सीजेआई ने अनुच्छेद 32 याचिका को दाखिल करने पर भी सवाल किया।



#### क्या था मामला

याचिकाकर्ता एक रिट याचिका को लेकर बहस कर रहे थे। उस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने सवाल उठाया कि यह मामला अनुच्छेद 32 याचिका के लिए उचित है या नहीं। दरअसल, इस याचिका के जरिए मौलिक अधिकारों के उल्लंघन पर सीधे सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल की जा सकती हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीजेआई ने कहा, 'क्या यह आर्टिकल 32 याचिका है क्या? एक जज को प्रतिवादी बनाकर आप PIL कैसे दाखिल कर सकते हैं।' इसपर याचिकाकर्ता ने जवाब दिया, 'Yeah, yeah तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगाई। मुझे क्यूरेटिव दाखिल करने के लिए कहा गया था।' Yeah शब्द सुनकर सीजेआई खासे नाराज हो गए थे।

#### क्या बोले CJI...

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, **CJI** ने कहा, '**Yeah yeah Yeah** मत कहो। कहो हां। यह कोई कॉफी शॉप नहीं है। यह कोर्ट है। मुझे **Yeah** बोलने वाले लोगों से एलर्जी है।' उन्होंने यह भी कहा, 'जस्टिस गोगोई इस कोर्ट के पूर्व जज हैं और आप एक जज के खिलाफ इस तरह की याचिका नहीं दाखिल कर सकते हैं और सिर्फ इसलिए कि आप पहली बेंच के सामने सफल नहीं हुए, तो इन हाउस जांच की मांग नहीं कर सकते।'

# यशस्वी ने 31 गेंदों में फिफ्टी ठोका



### सहवाग का रिकॉर्ड हुआ ध्वस्त

#### टेस्ट में सबसे तेज अर्धशतक

28 गेंद - ऋषभ पंत बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु 2022
30 गेंद - कपिल देव बनाम पाकिस्तान, कराची 1982
31 गेंद - शार्दुल ठाकुर बनाम इंग्लैंड, द ओवल 2021
31 गेंद - यशस्वी बनाम बांग्लादेश, कानपुर 2024
32 गेंद - वीरेंद्र सहवाग बनाम इंग्लैंड, चेन्नई 2008

युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल सोमवार को इंडिया वर्सेस बांग्लादेश दूसरे टेस्ट में अलग ही रंग में नजर आए। उन्होंने कानपुर में बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में आतिशी बल्लेबाजी की। यशस्वी ने 51 गेंदों का सामना करने के बाद 72 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और 2 छक्के जड़े। यशस्वी ने सिर्फ 31 गेंदों में फिफ्टी कंप्लीट कर ली थी। उन्होंने आतिशी फिफ्टी ठोककर पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

दरअसल, यशस्वी ने टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक जमाया है। उनके अलावा ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने 31 गेंदों में पचासा पूरा किया था। शार्दुल ने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा किया था। वहीं, सहवाग ने 2008 में इंग्लैंड के विरुद्ध 32 गेंदों में फिफ्टी लगाने का कमाल किया किया था। भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक जड़ने का रिकॉर्ड ऋषभ पंत (22 गेंदों में बनाम श्रीलंका, 2022) के नाम दर्ज हैं।

# 10 साल से भारत में अवैध तरीके से रह रहा था पाकिस्तानी

### पत्नी संग पूरा परिवार चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बेंगलुरु.** बेंगलुरु पुलिस ने पाकिस्तानी नागरिक को उसकी पत्नी और 2 अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया है। ये बीते 6 साल से फर्जी पहचान के साथ अवैध रूप से यहां रह रहे थे। शुरुआती जांच में सामने आया कि महिला बांग्लादेशी है। वे पहले ढाका में रहते थे, जहां उनकी शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि यह कपल साल 2014 में दिल्ली आया। इसके बाद 2018 में वे बेंगलुरु चले गए। जिन 2 अन्य लोगों की गिरफ्तारी हुई है, वे उसके ससुराल वाले हैं। इस तरह ये लोग एक-दूसरे को अच्छी तरह जानने वाले हैं।

रविवार को बेंगलुरु के बाहरी इलाके जिगनी में छापेमारी की गई थी। इस दौरान उन्हें हिरासत में लिया गया। जिगनी इंस्पेक्टर ने मामले की प्रारंभिक जांच की और फिर केस दर्ज कर लिया। यह किसी परिवार के 4 लोगों के फर्जी दस्तावेज बनाकर अवैध रूप से



यहां रहने का मामला है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है और उन चारों से पूछताछ जारी है। उन्होंने कहा, 'सवाल-जवाब के नतीजे के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ये लोग बीते 6 साल से जिगनी में किराए के मकान में रह रहे थे।'

#### फर्जी नामों वाले पहचान पत्र मिले

पुलिस ऑफिसर ने बताया कि आरोपियों के पास से फर्जी नामों वाले पहचान पत्र मिले हैं। पुलिस अब इनके नेटवर्क और गतिविधियों के बारे में पूछताछ कर रही है और अधिक जानकारियां जुटाई जा रही हैं। उन्होंने कहा, 'हम इन लोगों को बारे में अधिक से अधिक जानकारी हासिल करना चाहते हैं। इसे लेकर पूरे मामले की जांच जारी है। पता चला है कि ये लोग किसी गैरेज में सामानों की आपूर्ति करते थे। हालांकि, अभी डिटेल में इसकी जांच होनी है। अधिकारी से पूछा गया कि इनके घर से क्या जब्त हुआ है? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि यह अभी जांच का हिस्सा है।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to the public at large informing that my client intending to purchase the property Shop No. 2 (Hair Lounch Saloon) area adm. 10 x 45 Sq. Ft., situated at Opp. Block No. A-188 Near Bhatia 5 Shops area Ulhasnagar-421004 Dist. Thane assessed under Municipal Ward No. 50, Property No. 50DI010800500 (as it is where it is basis) from Smt. Kajal Sanjay Gangaramani..

If Any person or persons having claim against or in the above property by way of any arrangement, agreement, partnership, tenancy, inheritance, succession, trust, mortgage, lien, lease, charge, maintenance easement or otherwise howsoever is hereby required to make the same known to me in writing with documentary proof at my following address within a period of 7 days from the date hereof, otherwise such claim or claims shall be considered waived and abandoned and my client shall be absolutely free to purchase the above said property by entering into Sale Deed/Agreement free from all encumbrances.

Ramesh T. Ramrakhiyani
B.com LLB
Advocate High Court
9, Roopmilan Society,
Main Road, Opp. Venus
Talkies, Ulhasnagar-4
Mobile : 9320667400 / 9422667400

## संक्षेप...

### अटल सेतु पर 40 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या

**मुंबई.** मुंबई को पुणे से जोड़ने वाले अटल सेतु पर एक बार फिर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। सोमवार को 40 साल के एक शख्स ने अटल सेतु से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा सोमवार सुबह हुआ। फिलहाल समुद्र में कूदकर आत्महत्या करने वाले शख्स की तलाश जारी है। दरअसल इस साल अटल सेतु से आत्महत्या की यह चौथी घटना है। सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अटल सेतु से कूद गया है। शख्स ने अटल सेतु पर अपनी लाल रंग की ब्रेजा कार रोकी और फिर समुद्र में कूदकर अपनी जान दे दी। इसके बाद जब पुलिस ने अटल सेतु के सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पता चला कि घटना सुबह करीब 9:57 बजे की है।

# महाराष्ट्र सरकार ने देशी गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया

- विधानसभा चुनाव से पहले शिंदे सरकार ने कैबिनेट में फैसला लिया



### सरकार ने कहा- भारतीय संस्कृति में देशी गाय के महत्व को देखते हुए फैसला लिया

नोटिफिकेशन में सरकार ने कहा कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय के महत्व, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता, आयुर्वेद चिकित्सा, पंचगव्य उपचार पद्धति और जैविक कृषि प्रणालियों में देशी गाय के गोबर और गोमूत्र के अहम स्थान को देखते हुए देशी गाय को 'राज्यमाता गोमाता' घोषित करने की मंजूरी दी गई है।

**मुंबई.** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे सरकार ने देशी गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया है। सोमवार (30 सितंबर) को कैबिनेट बैठक में सरकार ने ये फैसला लिया। महायुति सरकार ने इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है।

कैबिनेट की बैठक में देशी गायों के लिए 50 रुपए प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का फैसला लिया गया। गौशालाएं अपनी कम आय के चलते यह खर्च नहीं उठा सकती थीं, इसलिए यह फैसला लिया गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) राजीव कुमार ने शनिवार (28 सितंबर) को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इसके पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। तारीखों का ऐलान अगले महीने होने की उम्मीद है।

राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर हैं। उन्होंने यहां विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर, सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस, समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की।

इसके अलावा उन्होंने शिवसेना, शिवसेना UBT, मनसे, बसपा, आप समेत 11 पार्टियों से मुलाकात की। सभी पार्टियों ने मांग की है कि दिवाली, देव दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों को ध्यान में रखकर चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाए।

# नवरात्रि में आएगी महायुति के उम्मदीवारों की पहली लिस्ट

- 80 प्रतिशत सीटों पर बनी सहमति



**मुंबई.** महायुति के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट घोषित करने का समय भी तय कर दिया गया है। इसके मुताबिक चर्चा है कि पहली लिस्ट नवरात्रि के मौके पर आएगी। हालांकि, अभी ये तय नहीं हुआ है कि इसमें सिर्फ बीजेपी उम्मीदवार के नाम होंगे या शिंदे सेना और नेशनल कांग्रेस पार्टी (NCP) अजीत ग्रुप के उम्मीदवारों के भी नाम होंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (BJP) 40 से 50 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा नवरात्रि के दौरान करेगी। 80 प्रतिशत सीटों के बंटवारे में महायुती में सहमति हो गई है। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी 125 से 140 सीटों के बीच चुनाव लड़ेगी। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने रविवार को कहा कि महा विकास आघाडी (MVA) अगले हफ्ते की शुरूआत तक विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर बातचीत पूरी कर लेगा। पटोले ने बताया कि एमवीए के नेता सीट बंटवारे के फॉर्मूले को अंतिम रूप देने के लिए 30 सितंबर और एक अक्टूबर को बैठक करेंगे।

### पटोले ने साधा निशाना

एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार नीत NCP (SP) और कांग्रेस शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'हम एमवीए के रूप में चुनाव लड़ेंगे। इस मुद्दे पर कोई मतभेद नहीं है। हमारी बातचीत जारी है।' महायुति पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि क्या उसके पास मुख्यमंत्री पद का कोई चेहरा भी है।

**प्रोजेक्ट रक्षा : एस.एस.टी. कॉलेज की डीएलएलई यूनिट द्वारा**

# उल्हासनगर में प्राथमिक उपचार किटों का वितरण






**उल्हासनगर.** एस.एस.टी. कॉलेज की डीएलएलई यूनिट ने 'प्रोजेक्ट रक्षा' के तहत उल्हासनगर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, नेताजी चौक और वीनस चौक में दुकानदारों और रिक्शा चालकों को प्राथमिक उपचार किटों का वितरण किया। समाज की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए उठाया गया यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें डीएलएलई यूनिट के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्राथमिक उपचार किटों के वितरण से दुर्घटनाग्रस्त लोगों को तुरंत सहायता मिल सकेगी। इससे पहले भी डीएलएलई यूनिट ने इसी प्रकार से किटों का वितरण किया था, जिससे कई जरूरतमंदों को लाभ हुआ है, यह प्रतिक्रिया नागरिकों ने व्यक्त की है। यह पहल कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में, डीएलएलई जिला समन्वयक प्रा. दिलीप आहूजा ने स्वयंसेवकों की मदद से सफलतापूर्वक संचालित की।

### डॉक्टर के केबिन से नकद चुराने के आरोप दो गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे में पुलिस ने एक प्राइवेट अस्पताल के दो पूर्व कर्मचारी और एक अन्य व्यक्ति को डॉक्टर के केबिन से 21 लाख रुपये नकद चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया। काशीगांव के विनय नगर स्थित अस्पताल में जब डॉक्टर अपने केबिन में गए तो उन्होंने देखा कि वहां चोरी हो गई और नकद गायब है। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर उन्होंने देखा कि एक अज्ञात मास्क पहना हुआ व्यक्ति उनके केबिन में चोरी करने आया और रुपये ले गया। उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। जांच के दौरान संकेत मिला कि इस चोरी में परिचित व्यक्ति शामिल है।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट पर लैंडिंग ट्रायल

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहेंगे उपस्थित!



**नवी मुंबई.** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (NMIA) पर पहले ट्रायल लैंडिंग की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी है। मिली जानकारी के अनुसार 5 अक्तूबर को नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहला ट्रायल लैंडिंग करवाया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी उपस्थित होने की संभावना व्यक्त की गयी है।

एक रिपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में सिडको के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय शिरसाट ने नवी मुंबई एयरपोर्ट का दौरा किया। उनके साथ अडाणी समूह के दूसरे अधिकारी भी मौजूद रहे। बता दें, नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर CIDCO की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एयरपोर्ट का दौरा करने के बाद शिरसत ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि एयरपोर्ट का निर्माण हमारे लक्ष्य के अनुसार ही संतोषजनक रूप से हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि 5 अक्तूबर को भारतीय वायु सेना का विमान एयरपोर्ट के रनवे पर ट्रायल रन के लिए लैंड करेगा। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि हम यह ट्रायल रन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में करने की योजना बना रहे हैं।

इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की देखरेख में की जा रही हैं। लेकिन कब से यात्री सेवाएं नवी मुंबई एयरपोर्ट पर शुरू होंगी? मीडिया रिपोर्ट में किये गये दावों को सच माने तो मार्च 2025 तक नवी मुंबई एयरपोर्ट से घरेलू उड़ानों का संचालन शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं जून 2025 से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें नवी मुंबई एयरपोर्ट से उड़ान भरेंगी।

### नकली घी की बिक्री, एक महिला गिरफ्तार

**कल्याण.** कल्याण के दुर्गाडी इलाके में एक महिला प्रतिष्ठित कंपनी के नाम से नकली घी बेचती हुई पकड़ी गई हैं यह घी नकली होने की आशंका है, 70 किलो घी के साथ उसे पकड़ा गया है आगे की कार्रवाई की जा रही हैं, कल्याण में एक घटना सामने आई है. एक महिला को 70 किलो ब्रांडेड घी के साथ हिरासत में लिया गया है.आगे की कार्रवाई की जा रही हैं. कल्याण के दुर्गाडी किला इलाके में करीब 70 किलो नकली घी होने के संदेह में केडीएमसी अधिकारियों ने एक महिला को इस घी के साथ हिरासत में लिया है. इसके बाद मनपा अधिकारियों ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन और स्थानीय पुलिस को सूचित कर दिया है और पुलिस आगे की प्रक्रिया में जुट गई है. खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा भी को जांच के लिए लैब में भेजा गया हैं.

# शेयर धारकों को जल्द मिलेगा डिविडेंड

- नागरिक बैंक की वार्षिक सभा में बोले चेयरमैन राजू गाजेंगी

उल्हास विकास संवाददाता



### बैंक आर्थिक रूप से मजबूत

चेयरमैन राजू गाजेंगी ने शेयर होल्डरों को भरोसा दिया कि, नागरिक सहकारी बैंक लि.भिवंडी 75 वें वर्ष के गौरवशाली इतिहास का समारोह हर्षोल्लास से मना रही है.नागरिक सहकारी बैंक में करीब 39 हजार शेयर होल्डर्स हैं.शेयर होल्डरों का अटूट भरोसा बैंक पर सतत रहा है.नागरिक बैंक की शहर के विभिन्न एरिया में कुल 7 शाखाएं हैं. बैंक की सभी शाखाओं में आरबीआई गाइडलाइन के अनुसार बैंक कर्मचारियों की टीम द्वारा मूल्यवान ग्राहकों को उत्कृष्ट सुविधा प्रदान की जाती है. ग्राहकों की धन निकासी सुविधा की खातिर कई शाखाओं में एटीम सुविधा मुहैया कराई गई हैं. बैंकिग संबंधित तमाम सुविधाओं का लाभ ग्राहकों को मिल रहा है.

**भिवंडी.** नागरिक सहकारी बैंक के 75 वें वर्ष के गौरवशाली मौके पर आयोजित वार्षिक आम सभा के संबोधन में चैयरमैन राजू गाजेंगी ने शेयर होल्डरों को भरोसा दिया कि,नागरिक बैंक की आर्थिक हालत में भारी सुधार हुआ है.बैंक आर्थिक रूप से मजबूत होकर आरबीआई के दिशा निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी रूप से बैंकिग कामकाज अंजाम दे रही है.आरबीआई से मंजूरी मिलते ही शेयर होल्डरों को डिबीडेंट दिया जाएगा. उक्त अवसर पर प्रमुख अतिथि भिवंडी पश्चिम विधानसभा भाजपा विधायक महेश चौगुले, चैयरमैन राजू गाजेंगी, वाइस चेयरमैन कामिल करनाले, सीनियर डायरेक्टर असद फक्की, मो.इलियास, मकी पटेल, रोहन सोनवने, गोरख नाथ म्हात्रे, संदीप पवार, श्याम नारायण भोईर,आदिब बहा उद्दीन,परेश चौगुले, मो.फैसल अंसारी, मनोज पाटिल, शाहीन कादिर मोमिन, कल्पना सुनील शर्मा, एक्सपर्ट डायरेक्टर एड. व्यंक्टेश चिटकेन, अफरोज अहमद मोमिन, स्टाफ प्रतिनिधि सूफियान बर्डी, सीईओ इंचार्ज बिलाल मोमिन, पूर्व चेयरमैन प्रदीप राका, बैंक सदस्य नरेंद्र वगल, महबूब अंसारी सहित शेयर होल्डर्स, स्टाफ कर्मी भारी संख्या में मौजूद थे. गौरतलब हो कि अंजूर फाटा स्थित ओसवाल कालेज सभागृह में नागरिक सहकारी बैंक भिवंडी की शेयर होल्डरों की 75 वीं आर्थिक वार्षिक सभा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई.शेयर होल्डरों द्वारा बैंक हित संबंधी उठाए गए तमाम ज्वलंत मुद्दों का बेहद कुशलता एवम तार्किक तरीके से चेयरमैन राजू गाजेंगी सहित अन्य डायरेक्टरों एवम सीईओ बिलाल मो.मोमिन ने समाधान कर शेयर होल्डरों को संतुष्ट किया.मनपा शिक्षण मंडल पूर्व शिक्षण सभापति एवम नागरिक सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन प्रदीप राका ने बैंक की आर्थिक मजबूती के लिए कई बहुमूल्य सुझाव दिए जिसके पूर्णतया अनुपालन का भरोसा चेयरमैन राजू गाजेंगी ने दिया.

# सिंधू सामाजिक संस्था द्वारा मुफ्त हड्डियों का जांच शिविर 2 अक्टूबर को

**उल्हासनगर.** सिंधू सामाजिक संस्था व रिद्धी सिद्धी चैरिटेबल पॉलीक्लिनिक द्वारा बुधवार 2 अक्टूबर को सुबह 11 से 1 बजे तक मुफ्त हड्डियों की समस्याओं पर जांच हेतु विशेष मुफ्त कैम्प का आयोजन 54, प्रेस बाजार, सेक्शन 21, कंवरराम चौक के पास, उल्हासनगर-3 में आयोजित किया गया है। ज्वाईंट, घुटने की रिपलेसमेंट, स्पाईंन सर्जन के विशेषज्ञ डॉ. राहुल शर्मा की उपस्थिति में यह जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जहां लो बैक पेन, मसल पेन व ज्वाईंट पेन के ईलाज के मरीजों की मुफ्त जांच की जाएगी। ज्यादा जानकारी के लिए 9324564108 - 985265700 पर संपर्क करें और इस मुफ्त हड्डियों की जांच शिविर का लाभ उठाएं।




# मिथुन को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार

- 8 अक्टूबर को मिलेगा सम्मान
- नक्सली थे, 350 से ज्यादा फिल्में कीं, 3 नेशनल अवॉर्ड जीते

इस साल दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिथुन चक्रवर्ती को दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार (30 सितंबर) को यह घोषणा की। मिथुन दा को 8 अक्टूबर को 70वीं नेशनल फिल्म अवॉर्ड सेरेमनी में सम्मानित किया जाएगा। मिथुन करीब 5 दशक के करियर में बांग्ला, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, ओडिया और भोजपुरी की 350 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं।

उन्होंने अपना फिल्मी करियर 1976 में मृगया से शुरू किया था और इस पहली ही फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड जीता था। 1982 में आई डिस्को डांसर से उन्हें पहचान मिली। मिथुन को 3 बार नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है। उन्हें जनवरी 2024 में पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था।

**दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड मिलने पर मिथुन दा ने कहा -** सच कहूं तो इतना प्रतिष्ठित पुरस्कार पाकर मैं निःशब्द हूं। न मैं रो पा रहा हूं न मैं मुस्कुरा पा रहा हूं। इतनी बड़ी चीज है। जहां से मैं आया हूं, उस लड़के को इतना बड़ा सम्मान मिला है, मैं सोच भी नहीं सकता। मैं ये अपने परिवार और दुनियाभर के फैंस को डेडिकेट करता हूं।



### नक्सली थे मिथुन, घर की जिम्मेदारी संभालने वापस आए

16 जून 1950 को मिथुन चक्रवर्ती का जन्म कोलकाता में हुआ था। उनका असली नाम गौरांग चक्रवर्ती है। मिथुन ने केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन किया है। ग्रेजुएशन के बाद मिथुन नक्सल आंदोलन में शामिल होकर कट्टर नक्सली बन गए और घर से दूर हो गए। कुछ साल बाद मिथुन के इकलौते भाई का एक हादसे में निधन हो गया। घर की मुश्किल परिस्थितियां देखते हुए उन्होंने नक्सल आंदोलन छोड़कर घर का रुख किया।

### आम सूचना

मैं श्री आनंद महेंद्र प्रसाद पाण्डेय सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, 03/01, कमला नेहरू नगर, धोबीघाट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ021789300) उक्त प्रॉपर्टी श्री रितेश महेंद्र प्रसाद पाण्डेय के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 26.9.2024 सी.नं. 2089/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री आनंद महेंद्र प्रसाद पाण्डेय**

### आम सूचना

मैं श्री रुपेश शोभनाथ गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 11, बैरक नं. 1680, सेक्शन 25, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 48सीआय010533300) उक्त प्रॉपर्टी श्री चिरंजीव सिंग हरमिंदरसिंह हीरा व श्री पुरनसिंग संतोकसिंग लबाना के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 2.9.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रुपेश शोभनाथ गुप्ता**

### आम सूचना

हम श्रीमती संगीता अखिलेश केवट व श्रीमती पूनम रतनकुमार निषाद सभी को सूचित कर रहे हैं कि घर, आजाद नगर, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 25बीओ017229800(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती बिंदूदेवी सुरेंदर निषाद के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 26.9.2024 सी.नं. 4471/2024 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती संगीता अखिलेश केवट व श्रीमती पूनम रतनकुमार निषाद**




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099